Downloaded from: justpaste.it/99ms9

Agnipath Scheme Protest

Agnipath Scheme Protest : सेना में 4 साल की भर्ती वाली अग्निपथ स्कीम (Agnipath Scheme) को लेकर युवाओं का विरोध प्रदर्शन हिंसक (Agnipath Scheme Protest) होता जा रहा है। भर्ती को लेकर बदले प्रारूप अग्निपथ योजना का विरोध वाराणसी (Varanasi) और देवरिया (Deoria) समेत आसपास के जिलों में भी शुरू हो गया है। बता दें कि आज शुक्रवार सुबह पूर्वांचल के अलग-अलग जिलों से कैंट रेलवे स्टेशन पहुंची युवाओं की भीड़ ने स्टेशन परिसर के बाहर हाथ में तख्तियां लेकर अग्निपथ योजना का विरोध जताया।

Agnipath Scheme Protest : हल्द्वानी में प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज, चम्पावत में भाजपाई होर्डिंग फूंके

अग्निपथ योजना (Agnipath Scheme Protest) को लेकर बनारस (Banaras) में जगह जगह विरोध प्रदर्शन चल रहा है। कैंट रेलवे स्टेशन पर रेलवे ट्रैक पर चक्का जाम किया गया है साथ ही आग लगा दी गई है। कैंट रेलवे स्टेश

न से चौकाघाट तक की सारी दुकानें बंद कर दी गई है। कोई साधन ना हो पाने की वजह से 50,000 से अधिक यात्रियों को अपने घरों को पैदल लौटना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने इलेक्ट्रॉनिक बसों के शीशे तोड़ दिए है। वहीं पूछताछ काउंटर के अलावा यहां पर अलग-अलग काउंटरों में भी तोड़फोड़ हुई है और कई जगहों पर अभी भी हंगामे और प्रदर्शन (Agnipath Scheme Protest) की सुचना है। बनारस स्थित चौधरी चरण सिंह अंतर राज्य बस अड्डे पर भी बसों में तोड़फोड़ हुई है, जिससे हजारों यात्री परेशान हैं।